# उत्तर मध्यकालीन काव्य - 02

नोट : सभी प्रश्न 1 अंक के है। कुल अंक : 24

1. " भाषा के लक्षक एवं व्यंजक बल की सीमा कहाँ तक है, इसकी पूरी परख इन्ही को थी " आचार्य शुक्ल ने इस कथन में ' इन्ही ' शब्द किस कवि के लिए प्रयुक्त किया है :
a) बिहारी b) घनानन्द c) पद्माकर d) सेनापति

2. " अति सूधो सनेह को मारग है जहं नेकु सयानपन बांक नही " इस पंक्ति के रचयिता कवि कौन है :
a) घनानन्द b) बोधा c) आलम d) ठाकुर

3. इनमें से कौन- सा ग्रन्थ केशव का नही है :
a) विज्ञान गीता b) जहाँगीर जसचन्द्रिका
c) भाषा भूषण d) रतन बावनी

4. किस कवि की संवाद- योजना को सर्वश्रेष्ठ माना गया है :
a) केशवदास b) तुलसीदास c) मतिराम d) लाल कवि

5. " सिन्धु तर्‌यो उनको बनरा तुम पै धनुरेख गई न तरी " यह पंक्ति किस कवि की है :
a) घनानन्द b) केशवदास c) पद्माकर d) सेनापति

6. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a) यह ललित लाल कैधों लसत दिग्भामिनी के भाल को | घनानन्द |
| b) रावरे रुप की रीति अनूप नयो नयो लागत ज्यों ज्यों निहारिए | बिहारी |
| c) या अनुरागी चित की गति समुझै नहीं कोय | भूषण |
| d) त्यों म्लेच्छ वंस पर सेर सिवराज है | केशवदास |

a) a, c, d, b b) d, a, b, c
c) c, b, a, d d) b, a, d, c

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

7. इनमें से सतसई किस कवि ने नहीं लिखी :
a) बिहारी b) मतिराम c) वृन्द d) घनानन्द

8. कौन-सा ग्रन्थ कवि भूषण रचित नहीं है :
a) छत्र प्रकाश b) छत्रसाल दशक c) शिवा बावनी d) शिवराज भूषण

9. इनमें से कौन-सा कथन असत्य है :
a) बिहारी सतसई में 713 दोहे हैं।
b) भूषण रीतिबद्ध कवि है।
c) घनानन्द की प्रेमिका का नाम सुजान था।
d) केशव रीतिकाल के प्रवर्तक हैं।

10. इनमें से कौन-सी रचना केशवदास की नहीं है :
a) कविप्रिया b) रसिकप्रिया c) रामचन्द्रिका d) रस रहस्य

11. "जनम ग्वालियर जानिये मथुरा बासे ससुराल" यह पंक्ति किस कवि के विषय में है :
a) केशवदास b) बिहारी c) घनानन्द d) पद्माकर

12. "तन्त्री नाद कवित्त रस सरस राग रति रंग' यह पंक्ति किस कवि की है :
a) केशवदास b) मतिराम c) बिहारी d) घनानन्द

13. 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है :
a) पद्माकर b) घनानन्द c) केशवदास d) भूषण

14. "त्यों म्लेच्छ वंस पर सेर सिवराज है" इस पंक्ति के रचयिता कवि कौन है :
a) सूदन b) भूषण c) ग्वाल d) गोप

15. "हिन्दी में लक्षण ग्रन्थों की परिपाटी पर रचना करने वाले जो सैकड़ों कवि हुए हैं, वे आचार्य कोटि में नहीं आते, वे कवि ही हैं।" यह कथन किसका है :
a) डॉ नगेन्द्र b) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
d) आचार्य श्यामसुन्दर दास

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

16. रीतिकाल में वीररस की कविता करने वाला कवि इनमें से कौन है :

a) मतिराम b) बिहारी c) चिन्तामणि d) भूषण

17. 'शिवराज भूषण' किसकी कृति है -

a) पद्माकर b) भूषण c) भिखारीदास d) कुलपति मिश्र

18. रीतिमुक्त स्वच्छन्दतावादी कवि इनमें से कौन है :

a) घनानन्द b) भूषण c) पद्माकर d) सेनापति

19. लक्षण ग्रन्थ का अभिप्राय इनमें से क्या है :

a) काव्यांग निरूपक ग्रन्थ b) प्रकृतिपरक ग्रन्थ

c) महाकाव्य d) चरित काव्य

20. " जदपि सुजाति सुलच्छनी सुबरन सरस सुवृत्त।
भूषन बिनु न बिराजई कविता बनिता मित्त॥
यह दोहा किस कवि का है :

a) केशवदास b) बिहारी c) मतिराम d) ग्वाल कवि

21. इनमें से कौन रीतिकाल का कवि नहीं है :

a) याकूब खां b) रसखान c) दूलह d) बेनी कवि

22. " इत आवति चलि जात उत चली छः सातक हाथ" यह पंक्ति किस कवि की है :

a) घनानन्द b) मतिराम c) बिहारी d) देव

23. इनमें से कौन-सी विशेषता सामान्यतः रीतिकालीन काव्य की नहीं है :

a) रीति निरूपण b) चमत्कार प्रदर्शन c) राष्ट्रीय भावना

d) शृंगार रस की प्रमुखता

24. " रनित भृंग घण्टावली झरित दान मधु नीर' में किस ऋतु का वर्णन बिहारी ने किया है :

a) ग्रीष्म ऋतु b) शरद ऋतु c) पावस ऋतु d) वसंत ऋतु

— • —

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA